# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर के लिए सहयोग



भूपेन एवं श्रुति शाह परिवार न्यास

तरूण गोस्वामी छात्रवृत्ति

बी. यू. पटेल फाऊण्डेशन

बिपिन एवं रेखा शाह शोध अध्येतावृत्ति

सामुदायिक पहुँच

# भूपेन एवंश्रुति शाह परिवार न्यास



**श्री भूपेन शाह** ने संस्थान में एक संकाय पीठ (चेयर) और युवा संकाय सदस्यों के लिए एक अनुसंधान अध्येतावृत्ति प्रायोजित किया है । इनको प्रौद्योगिकी विकास, उत्पाद विकास तथा सन्निहित अंकीय माध्यम एवं स्लिंग मिडिया, एमुजेड, डाज्जल, रियल चिप, फिलिप्स सेमिकण्डक्टर्स तथा आई बी एम आदि से संचार समाधानों में कार्य का पच्चीस वर्षों से भी अधिक का अनुभव है । श्री भूपेन शाह स्लिंग मिडिया के सह-संस्थापक हैं जो अब एकोस्टार का एक हिस्सा है । फिलहाल ये मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं । इन्होंने मिशिगन विश्वविद्यालय, अन्न आर्बोर से कम्प्यूटर विज्ञान एवं विद्युत अभियाँत्रिकी में मास्टर ऑफ साइंस की उपाधि अर्जित की है।

# बी . यू. पटेल निधि



**श्री भीखुभाई पटेल** ने $25000 का आरंभिक योगदान कर के संस्थान में बी.यू पटेल निधी स्थापित किया है । इस निधि का उपयोग संस्थान में उत्कृष्टता प्रतिपादन करने वाली परियोजनाओं का वित्तपोषण करने के लिए उपयोग किया जाएगा । आप तारसादिया होटल के संस्थापक एवं उपाध्यक्ष हैं । यह एक होटल निवेश, विकास और प्रबंधन कंपनी है । इन्होंने सन् 1963 में बड़ौदा विश्वविद्यालय से बी.कॉम की उपाधि अर्जित की है । 12 वर्षों तक जॉम्बिया, अफ्रीका में कपड़ा उत्पादन का सफल व्यवसाय करने के पश्चात ये अमरीका चले गये तथा वहाँ सन् 1976 में अतिथि सत्कार सेवा का व्यवसाय आरंभ किया । श्री पटेल अमरीका एवं अन्य देशों में स्थित अनेक सामाजिक संगठनों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं । ये फिलहाल लास एंजल्स स्थित सनातन धर्म मंदिर एवं सांस्कृतिक केन्द्र के अध्यक्ष हैं ।

# बिपिन एवं रेखा शाह शोध अध्येतावृत्ति



**श्री बिपिन शाह** ने संस्थान के युवा एवं नये संकाय सदस्यों के लिए बिपिन एवं रेखा शाह शोध अध्येतावृत्ति प्रायोजित किया है । इन्होंने अनेक उच्च तकनीकी कंपनियों की स्थापना किया है तथा उनमें महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया । फिलहाल ये मिलपिटास, सी ए में कोवाइर सॉफ्टवेयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अध्यक्ष हैं । इस कंपनी का विकास केन्द्र कोलकाता में भी स्थित है। ये अनेक गैरमुनाफा संगठनों जैसे इंडस एन्टरप्राइजेस (TiE) कैलिफोर्निया पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय, पोमोना स्थित अहिंसा केन्द्र, कुपर्टिनो शिक्षा बन्दोबस्ती फाऊण्डेशन तथा उत्तरी कैलिफोर्निया के जैन केन्द्र के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं । श्री शाह संयुक्त राज्य अमरीका में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर फाऊण्डेशन के संस्थापक सदस्य हैं । इन्होंने विस्काँसिन, मैडिसन से एम एस की उपाधि तथा जादवपुर विश्वविद्यालय से बीई (ऑनर्स) की उपाधि अर्जित की है ।

# तरूण गोस्वामी छात्रवृत्ति



**प्रा. तरूण गोस्वामी** ने प्रथम वर्ष के अवर-स्नातक छात्रों के लिए योग्यता-सह-साधन छात्रवृत्ति स्थापित करने के लिए योगदान दिया है । प्रा. गोस्वामी ने हेलसिंकी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फिनलैण्ड से सन् 1999 में डॉक्टर ऑफ साइंस, वोलोनगाँग विश्वविद्यालय, एन एस यू आस्ट्रेलिया से एम.ई (ऑनर्स) (1998) और सन् 1986 में रूड़की विश्वविद्यालय से एम. ई की उपाधि प्राप्त की है । प्रा. गोस्वामी फिलहाल राइट स्टेट विश्वविद्यालय, डायटॉन, ओ एच, अमरीका में संयुक्त सह प्राध्यापक के रूप में कार्यरत है ।

# सामुदायिक पहुँच

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर सदा ऐसे लोगों से अपनी पहुँच बनाए रखता है जो किसी भी प्रकार से हमारे उत्कृष्टता प्रतिपादन हेतु उच्चकोटि के संकाय सदस्यों की नियुक्ति तथा वित्तार्जन में सहायक हो सकते हैं । समीक्षा वर्ष के दौरान इन प्रयासों में हुई प्रगति का विवरण नीचे दिया जा रहा है :

- जून 1-4, 2010 के दौरान विश्वबैंक वाशिंगटन डीसी, अमरीका में आयोजित दो बैठकों में **प्रा. सुधीर के.जैन** ने भाग लिया
  - (a) **जोखिम की समझ**, आपदा जोखिम में अन्वेषण विषय पर विश्वबैंक के आपदा जोखिम कम करने के लिए सार्वभौमिक सुविधा (GFDRR) द्वारा आयोजित सम्मेलन में तथा
  - (b) **सार्वभौमिक भूकंप प्रतिरूप** (GEM) की आऊटरीच बैठक

  इस यात्रा के दौरान प्रा. जैन ने मेरीलैण्ड विश्वविद्यालय का भी दौरा किया और वहाँ के स्नातक छात्रों और संकाय सदस्यों से भेंट किया । उन्होंने वाशिंगटन डीसी क्षेत्र के पैन-आई आई टी के महत्वपूर्ण नेतृत्व से भी संपर्क किया तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर के संबंध में विचार-विमर्श किया और उन्हें यहाँ के विकासात्मक उपब्धियों से अवगत कराया । इन बैठकों का आयोजन जॉन हॉफकिन विश्वविद्यालय के प्रा. नीतिश ठाकोर द्वारा किया गया था । प्रा. ठाकोर संस्थान के मित्र हैं । प्रा. ठाकोर के प्रयोगशाला में ग्रीष्मकालिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर के तीन छात्रों (श्री नील नाडकर्णी, ललिता अनुषा एवं निशांत जोशी) से भी प्रा. जैन की मुलाकात हुई । डॉ. राम मिश्रा, अध्यक्ष, भा प्रौ सं कानपुर पूर्वछात्र संघ के अध्यक्ष द्वारा आयोजित रात्रिभोज में प्रा. जैन ने भा प्रौ सं कानपुर के प्रमुख पूर्व छात्रों से भी मुलाकात किया । प्रा. जैने ने इस यात्रा के दौरान इकोल पॉलिटेक्निक, फेडरेले डे लौसाने (ई पी एफ एल) स्वीजलैंण्ड में भी कुछ दिन बिताया जहाँ उन्होंने ई पी एफ एल तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर के बीच संभावित सहयोग कार्यक्रमों के लिए विचार विमर्श किया । उन्होंन ने भारतीय स्नातक एवं पोस्ट-डॉक्टरल छात्रों का संबोधन भी किया तथा उन्हें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शिक्षण करिअर का विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया । पेरिस में भी इन्होंने इकोल सेंटर पेरिस तथा टेलीकॉम सुड-पेरिस के साथ भावि सहयोग के संबंध में विचार विमर्श किया ।

- **प्रा. सुधीर के. जैन** ने जुलाई 25-29, 2010 के दौरान टोरंटों, कनाडा में भूकंप अभियाँत्रिकी पर आयोजित 9वें अमरीकी राष्ट्रीय / 10वें कनाडियन सम्मेल में भाग लिया । इसके पश्चात इन्होंने सैन फ्रांसिसको तथा लॉस एंजल्स क्षेत्र में स्थित संस्थान के शुभचिन्तकों से पारस्परिक लाभ के संभावित सहयोग कार्यक्रमों के संबंध में विचार-विमर्श किया । इन्होंने कैलिफोर्निया प्रौद्योगिकी संस्थान के स्नातक और पोस्ट-डॉक्टरल छात्रों का संबंधेन भी किया तथा उन्हें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर की प्रगति से अवगत कराया ।

- **प्रा. सुधीर के. जैन** ने हैदराबाद में आयोजित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के स्वर्ण जयंती समारोह उपस्थित होकर एक पैनल विचार मंथन में भाग लिया जिसका शीर्षक था आई आई टी क्या कर रहीं हैं और उन्हें क्या करना चाहिए ताकि और अधिक नौकरियाँ प्रदान करने वाली प्रतिभाओं को पैदा किया जा सके । यह कार्यक्रम दिसम्बर 17, 2010 को आयोजित किया गया था ।

- **प्रा. सुधीर के.जैन** के नेतृत्व में संस्थान के चार संकाय सदस्य, एक कर्मचारी और बारह छात्रों ने पैन-आई आई टी 2010 में भाग लेकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर का प्रतिनिधित्व किया। यह आयोजन अक्तूबर 29-31, 2010 के दौरान नोइडा में किया गया था। संस्थान के बूथ पर इस टीम ने लोगों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गाँधीनगर के दृष्टिकोण, लक्ष्य और मूल्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर इस टीम ने लोगों के साथ संस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नये प्रयोगों के विषय में भी विचार-विमर्श किया और अपना अनुभव बांटा। संकाय दल के सदस्यों ने विशिष्ट प्रतिभागियों के साथ विचार-विमर्श कर के संबंध प्रगाढ़ करने के साथ-साथ वित्तार्जन के कार्यकलापों तथा संभावित नियुक्तियों हेतु संकाय प्रत्याशियों की भी तलाश किया। छात्रों के संगीत बैंण्ड ने इस कॉन्क्लेव के दौरान अपना प्रदर्शन भी किया।



Pan-IIT 2010



- गुजरात सरकार के अधिकांश वित्तपोषण की सहायता से संस्थान में एक उत्कृष्ट केन्द्र (सेंटर फॉर एक्सिलेंस) की स्थापना की जाएगी । वाइब्रेन्ट गुजरात समारोह (जनवरी 12-18, 2011) के दौरान इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है । इस प्रदशर्नी के दौरान संस्थान ने एक बूथ लगाया था । इस अवसर पर संस्थान के चार संकाय सदस्य तथा दस छात्रों ने भाग लिया । **प्रा. जॉयसी मेकी** ने संस्थान की ओर से प्रतिभागिता का समन्वयन किया था ।

- **प्रा. सुधीर के. जैन** ने फरवरी 9-12, 2011 के दौरान सैन डियागो, अमरीका में भूकंप अभियाँत्रिकी अनुसंधान संस्थान (EERI) की 63वीं बैठक में भाग लिया । प्रा. जैन फिलहाल इरी की अन्तर्राष्ट्रीय कार्यकलाप समिति के अध्यक्ष हैं । इस यात्रा के दौरान प्रा. जैन ने संभावित संकाय प्रत्याशियों की खोज और सहयोग के अवसरों की तलाश करने के लिए कई विश्वविद्यालयों जैसे प्रिन्सटन विश्वविद्यालय, न्यू जर्सी प्रौद्योगिकी संस्थान, कैलिफोनिर्या प्रौद्योगिकी संस्थान पसादेना, दक्षिण कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय सैन डियागों तथा बर्कली और स्टॉनफोर्ड विश्वविद्यलय आदि का दौरा किया ।

- **प्रा. सुधीर कै. जैन** ने मार्च 16, 2011 को बंगलौर में आयोजित पैन-आई आई टी सार्वभौमिक सदस्यता अभियान के विमोचन कार्यक्रम में भाग लिया ।

